हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024



13 पतंजलि योग समिति शहर के पार्कों व मनाएगी अंतर्राष्ट्रीय...





14 झाड़ू प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मियों ने उठाई ...









## सामाजिक संगठनों के साथ हुई बैठक में छाई रही समस्याएं, सार्थक चर्चा से ज्यादा हुई राजनीति

# पार्षद बोले बद-दुआ लगेगी, प्रधान बोली आपकी बेटी जैसी



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन व अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते पार्षद बिजेंद्र पाल दलाल। फोटो : हरिभूमि

**बैठक में अपनी अवहेलना से नाराज पार्षदों ने कड़ी आपत्ति भी जाहिर करते हुए चेयरपर्सन और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। साथ ही कथित सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी अनावश्यक आरोप लगाने से बचने की नसीहत दी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

समस्याएं, शहर की समस्याएं, बहुत सारी समस्याएं, गंभीर समस्याएं, हमारी समस्याएं, सबकी समस्याएं, बस समस्याएं ही समस्याएं... जी हां, वीरवार को नगर परिषद में हुई सामाजिक संगठनों और अधिकारियों की बैठक में बस यही सब छाया रहा। बैठक में अपनी अवहेलना से नाराज पार्षदों ने कड़ी आपत्ति भी जाहिर करते हुए चेयरपर्सन और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। साथ ही कथित सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी अनावश्यक आरोप लगाने से बचने की नसीहत दी। इस दौरान पार्षद बिजेंद्र पाल दलाल और चेयरपर्सन सरोज राठी में भी 'बद-दुआ' से लेकर 'बेटी जैसी' शब्दों का आदान-प्रदान हुआ।

दरअसल, वीरवार को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ चेयरपर्सन सरोज राठी ने नगर परिषद में मीटिंग बुलाई थी। इस मीटिंग में अनेक विभागों के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। ताकि शहर के विकास की रूपरेखा पर विमर्श किया जा सके। लेकिन करीब तीन घंटे चली बैठक में केवल समस्याएं ही छाई रहीं। कई बार बहस हुई तो कई बार आरोपों की बौछार ने माहौल गरम कर दिया। इस बीच विभिन्न संस्थाओं ने मानसून में पौधारोपण करने का संकल्प जाहिर किया। नगर परिषद से ट्री गार्ड उपलब्ध करवाने की मांग की। इसके अलावा क्ली एंड ग्रीन ट्रस्ट के प्रदीप रेढू ने शहर में पर्याप्त साइनेज व्यवस्था करने की मांग की। ताकि ट्रैफिक सुचारू हो और प्रदूषण पर अंकुश लग सके।



बहादुरगढ़। बैठक में मौजूद विभिन्न संस्थाओं के सदस्य व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में वाइस चेयरमैन राजपाल शर्मा, ईओ संजय रोहिल्ला, कार्यकारी अभियंता डालचंद शर्मा, एमई राजेश कौशिक, जेई नीरज शर्मा, रमेश राठी, राजकुमार अरोड़ा, प्रदीप रेढू, मनीष सांखोल, दीपक प्रधान, रविंद्र सैनी, सतीश शर्मा, रामधन दलाल, गुलाब मलिक, वजीर दहिया, कृष्ण गोपाल विद्यार्थी, सुमित छिकारा, दिनेश खोखर, हरज्ञान, सतबीर दहिया, प्रदीप यादव, नीरज वत्स, मनीष, संजय, एनएस कपूर, हरीश बजाज, पार्षद राजेश तंवर, सत्यप्रकाश छिकारा, संजीव मलिक आदि मौजूद रहे।

### पॉजिटिव काम भी होते हैं

संगठनों की समस्याओं को सुनने के उपरांत चेयरपर्सन सरोज राठी ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निवारण करने के निर्देश दिए गए हैं। चेताया कि जनसमस्याओं पर टालमटोल का रवैया छोड़ना होगा। पार्षदों के आरोप से उखड़ी चेयरपर्सन ने कहा कि नगर परिषद में पॉजिटिव काम भी होते हैं। सभी अच्छे काम करेंगे। हम विकास के मामले में भेदभाव नहीं करते। सभी काम सिरे चढ़ाए जाएंगे। समस्याओं का समाधान भी शीघ्र होगा।



बहादुरगढ़। साइनेज और पौधरोपण को लेकर अपनी बात रखते प्रदीप रेढू। फोटो : हरिभूमि

### दो साल में नहीं हुए काम

अपनी बात रखते हुए पार्षद बिजेंद्र पाल दलाल ने कहा कि दोष पार्षदों का नहीं है। लेकिन व्हाट्सएप ग्रुपों में निरर्थक चर्चा के दौरान पार्षदों पर निशाना साधा जाता है। जिन समस्याओं पर आज संस्थाओं के सदस्य बैठक कर रहे हैं, इन्हें लेकर पार्षद नप की बैठक में पहले ही प्रस्ताव पारित करवा चुके हैं, लेकिन कसूर चेयरपर्सन और अधिकारियों का है। वर्तमान बोर्ड का गठन हुए 2 साल हो गए, लेकिन काम ही नही हो रहे। इस तरह 5 साल निकल जाएंगे, काम नहीं होंगे और जनता अपने प्रतिनिधियों पर थूकेगी।

### लाइट लगेंगी, सफाई होगी

बैठक के दौरान सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला के पदाधिकारी सतीश शर्मा ने एमपी लैड की ग्रांट खर्च नहीं करने को लेकर अधिकारियों पर आक्षेप लगाए। इस पर ईओ ने तुरंत गहरी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि फिजूल के इल्जाम सुनने के लिए बैठक नहीं बुलाई गई है। ईओ संजय रोहिल्ला ने बताया कि नई स्ट्रीट लाइटें दस दिन के भीतर इंस्टॉल करवा दी जाएंगी। नालों की सफाई का टेंडर आज खुल जाएगा और एक-दो दिन में काम शुरू हो जाएगा। जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होगा।






## हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

# महिला थाने में नहीं मिला स्टाफ

**निरीक्षण के दौरान यहां खामियां देखने को मिली। वही एसएचओ छुट्टी पर मिली तो दो पुलिसकर्मियों को छोड़कर तमाम स्टाफ भी नदारद था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल ने वीरवार को बहादुरगढ़ के महिला पुलिस थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यहां खामियां देखने को मिली। एसएचओ जहां छुट्टी पर मिली तो दो पुलिसकर्मियों को छोड़कर तमाम स्टाफ भी नदारद था। इस पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई और ये माना कि थाने में सुधार की गुंजाइश है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अवगत करा दिया है।



बहादुरगढ़। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों से जानकारी जुटाती सोनिया अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

सुबह करीब साढ़े 12 बजे ही उपाध्यक्ष सोनिया अग्रवाल यहां थाने में पहुंच गई थी। थाने में देखा तो यहां एसएचओ नहीं थी। पता चला कि वह कुछ दिनों से अवकाश पर हैं और फिलहाल थाने का चार्ज रामपाल सिंह के पास है। पूरे थाने में एसआई रामपाल सिंह और एएसआई नीलम ही मौजूद मिले। बाकी मुंशी से लेकर अन्य स्टाफ नदारद था। वह थाने में ये हालात देखकर दंग रह गई। इसे बाद उन्होंने रामपाल सिंह और नीलम से स्टाफ के बारे में जानकारी जुटाई। फोन करके मुंशी को बुलाया तो उसने हवाला दिया कि वह डॉक्टर के पास गई थी।

वहीं एक हेड कांस्टेबल ने भी यही कहा कि वह घर से बैठकर काम कर रही थी। इस तरह से नदारद स्टाफ ने तरह-तरह के हवाले दिए। बकौल सोनिया अग्रवाल, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ये थाने खोले गए हैं। लेकिन हैरानी की बात ये कि बहादुरगढ़ के थाने में मात्र दो ही पुलिस कर्मी हाजिर मिले। थाने में स्टाफ न होना, शर्मनाक बात है। जब स्टाफ ही मौजूद नहीं रहेगा तो यहां आने वाले शिकायतकर्ता, फरियादियों को कैसे मदद मिलेगी। इस थाने में सुधार की बेहद गुंजाइश है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अवगत करा दिया है। लिखित में भी उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा ताकि सुधार हो सके।



बहादुरगढ़। गांव सिद्दीपुर में टीन शैड का उद्घाटन करते भाजपा नेता व ग्रामीण।

# दस लाख के कामों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नरेश कौशिक और ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि सत्यवान दलाल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव सिद्दीपुर में 10 लाख रुपए की लागत से हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने दादा नावटिया मंदिर परिसर में लगी टीन शेड का उद्घाटन गांव के बुजुर्ग से करवाया। गांव के श्मशान घाट में लगे टीन शेड का भी उद्घाटन किया।

इसके अलावा गांव सिद्दीपुर के दादा नावटिया मंदिर परिसर में मत्था टेक आशीर्वाद लिया और भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर सोनू सरपंच, पूर्व सरपंच जयकिशन, ब्लॉक पार्षद हरवेश मान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बहादुरगढ़।** राजकीय, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी शुक्रवार की शाम तक ही आवेदन कर सकते हैं। बहादुरगढ़ की राजकीय आईटीआई में 19 ट्रेड में 708 सीटें हैं। इन सीटों के लिए फिलहाल लगभग 1100 आवेदन आ चुके हैं। प्रिंसिपल गीता सिंह का कहना है कि सात जून को आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। यह प्रक्रिया शुक्रवार 21 जून तक जारी रहेगी। दाखिले के लिए अच्छा रिस्पांस देखने को मिला है।

### दिव्य वाणी एवं सत्संग 29 को

**झज्जर।** स्थानीय अनाज मंडी परिसर में आगामी 29 जून को दिव्य वाणी व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में तपोभूमि जटेला धाम माजरा दूबलधन के महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज श्रद्धालुओं को जहां प्रवचनों द्वारा सद्मार्ग पर चलने का आह्वान करेंगे। सत्संग में मधुर भजनों की प्रस्तुति से गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे।

### मोदी सरकार की प्राथमिकता है किसान हित

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों समेत हर वर्ग की भलाई कर रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने अपनी पहली कलम से किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 9 करोड़ 26 लाख किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर कर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, भावातंर भरपाई योजना सहित विभिन्न लाभकारी योजनाओं से किसानों की स्थिति मजबूत हुई है।

# पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत वीरवार को पुलिस टीम ने भगत सिंह चौक पर नौजवानों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। उप निरीक्षक सागर ने बताया कि नशे से युवाओं में अपराधिक प्रवृत्ति उत्पन्न होती है और उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

नशेड़ी व्यक्ति को बीमारियां जकड़ लेती हैं इसलिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए और किसी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। साथ ही हमें एक अच्छा नागरिक होने के नाते अपने साथियों को भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना चाहिए और अगर आपका कोई साथी नशा करता है तो उसकी भी नशा छुड़ाने में हर संभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का नशा बेचने वाले व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें, पुलिस के स्तर पर सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।



झज्जर। नशे के दुष्प्रभाव के प्रति युवाओं को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी।

### पुलिस को घायलों के बयान का इंतजार

**बहादुरगढ़।** सिलेंडर फटने से झुलसे सभी लोग खतरे से बाहर हैं। उनकी हालत में सुधार हो रहा है लेकिन अभी वे बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। बुधवार को एमआईई स्थित एक ढाबे में आग लग गई थी। इस दौरान दो सिलेंडर फटने से तेज धमाके हुए और ढाबा कर्मियों समेत आधा दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। इनमें से पांच जीवन ज्योति तो बाकी अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। हालांकि सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर हैं। पुलिस की टीम वीरवार को भी अस्पताल में गई लेकिन घायल बयान देने की स्थिति में नहीं थे। आग दुर्घटना वश लगी या इसके पीछे किसी की लापरवाही रही, यह अभी तफ्तीश का विषय है। फिलहाल पुलिस की ओर से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घायलों के बयान के बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी।

# एडमिशन के लिए 25 तक होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के कॉलेजों में वार्षिक सत्र 2024-25 के लिए नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला प्रक्रिया जारी है। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 25 जून है। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में सभी छात्राओं के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की सुविधा निःशुल्क प्रदान की गई हैं।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि दाखिले के लिए छात्राएं दसवीं की मार्कशीट, 12वीं का परिणाम कॉपी, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, डोमिसाइल सर्टिफिकेट आदि के साथ अपना पंजीकरण करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि पहले राउंड की काउंसलिंग के तहत पहली प्रोविजनल लिस्ट 2 जुलाई व फाइनल लिस्ट 3 जुलाई को जारी होगी। जिन छात्राओं के नाम लिस्ट में होंगे, वे 4 से 8 तक फीस जमा कर सीट कंफर्म कर सकती हैं। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के तहत दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी।

दूसरी मेरिट लिस्ट की प्रोविजनल लिस्ट 9 जुलाई को व फाइनल मेरिट लिस्ट 10 को जारी होगी। लिस्ट में शामिल छात्राएं 10 से 12 तक फीस जमा कर दाखिला प्रक्रिया पूरा कर सकेंगी।



बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाती छात्राएं।



झज्जर। नया बस स्टैंड पर बने काउंटर पर हैप्पी कार्ड वितरण कार्य में जुटे कर्मचारी।

# हैप्पी कार्ड का वितरण कार्य तेज अब तक वितरित किए 4902 कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा रोडवेज की बसों में एक हजार किलोमीटर की मुफ्त यात्रा की सुविधा के लिए एक लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के सदस्यों में हैप्पी कार्ड वितरण किया जा रहा है।

रोडवेज डिपो द्वारा जिले में 4902 कार्ड का वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा 17780 कार्ड वितरण के लिए तैयार होकर पहुंच चुके हैं। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना की शुरूआत की है।

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की पहली अनोखी योजना है, जहां आधुनिक तकनीक का उपयोग करके समाज के गरीब वर्ग के लोगों को मुफ्त यात्रा का लाभ दिया गया है।

# दुकानदारों ने की स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के पुराना बस स्टैंड के नजदीक स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग दुकानदारों द्वारा उठाई गई है। वीरवार को इस संबंध में एकत्रित हुए दुकानदार गौरव सैनी, लवली, बिमला देवी, मनोज भाटिया, पवन, लोकेश व जावेद आदि ने बताया कि छिक्कारा चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक इस मार्ग पर कोई भी स्पीड ब्रेकर नहीं है। ऐसे में यहां से गुजरने वाहनों की स्पीड तेज रहती है।

पुराना बस स्टैंड के सामने व आसपास कई मार्केट है जिनमें दिनभर लोगों का आवागमन रहता है। इसी कारण जल्दबाजी के चक्कर में जहां कई बार लोग दुर्घटना के कारण घायल हो चुके हैं वहीं कई बेसहारा जानवरों की तेज गति से गुजरने वाले वाहनों की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। दुकानदारों के अनुसार इसी कारण उन्हें इस क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर की जरुरत महसूस हो रही ताकि वाहनों की धीमी गति होने पर दुर्घटना की संभावना कम रहे। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि वे मार्ग की स्थिति का जायजा लेकर यहां स्पीड ब्रेकर स्थापित कर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाएं।



झज्जर। स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर एकत्रित दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

## स्टेट के लिए जिले की स्वीमिंग टीम का चयन आज

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी की चैंपियंस एक्वेटिक अकेडमी में झज्जर जिले की तैराकी टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम 41वीं सब जूनियर, 5वीं जूनियर और 59वीं सीनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेगी। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री शुक्रवार 21 जून को सुबह ट्रायल का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान 50 मीटर के ओलंपिक स्टेंडर्ड से तैयार स्वीमिंग पूल में सभी इवेंट करवाए जाएंगे। जूनियर वर्ग को ग्रुप-वन में 15 से 17 साल जो 2007, 2008 और 2009 में जन्म लेने वाले और ग्रुप-टू में 12 से 14 साल जो 2010, 2011 और 2012 में जन्म लेने वालों में विभाजित किया गया है। इसी तरह सब जूनियर ग्रुप-थ्री में 10 से 11 साल, ग्रुप-फोर में 8 से 9 साल और ग्रुप-फाइव में 6 से 7 वर्ष आयु के तैराक शामिल किए गए हैं। सीनियर ग्रुप को ओपन आयुवर्ग में रखा गया है। सभी तैराक फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, रिले, मैडले और मिक्स रिले में भाग ले सकते हैं। एसएफआई की गाइडलाइंस के मुताबिक एक तैराक केवल 5 इवेंट में ही भाग ले सकता है।

## चोरों के निशाने पर हैं सरकारी स्कूल

**बहादुरगढ़।** गर्मी की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद हैं। अधिकांश सरकारी स्कूलों में रात्रि सुरक्षा के बंदोबस्त नहीं हैं। ऐसे में ये स्कूल चोरों के लिए वारदात करने में सॉफ्ट टारगेट बने हैं। आए दिन किसी न किसी स्कूल को निशाना बनाया जा रहा है। ताजा मामला गांव मातन का है। यहां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी की वारदात हुई है। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल राजकुमार का कहना है कि 15 जून को स्कूल में ताला लगाकर गए थे। फिर 18 की सुबह विद्यालय में आए तो देखा कि आफिस तथा कमरों पर लगाए गए ताले टूटे हुए थे। अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर 16 पंखे, पानी की मोटर, टोंटियां सहित अन्य सामान गायब था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर इस वारदात को सुलझाने का प्रयास रहेगा। बता दें कि इलाके के अधिकांश स्कूलों में रात्रि के समय चौकीदारों की व्यवस्था नहीं है। सुरक्षा बंदोबस्त के अभाव में अक्सर किसी ने किसी सरकारी स्कूल में चोरी की वारदात हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूलों में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त होने चाहिए। पुलिस को भी रात्रि के समय सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करनी चाहिए।

# सिद्दीपुर गांव के दादा नावटिया का हुआ भंडारा

**बहादुरगढ़।** गांव सिद्दीपुर के दादा नावटिया मंदिर में गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भारतीय शैली कुश्ती संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र राठी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मंदिर कमेटी को 11 हजार रुपए की राशि, 11 फर्राटे पंखे व 10 मच्छरदानी भेंट की। साथ ही नकद इनाम देकर भजन पार्टी का भी सम्मान किया। उन्होंने दादा नावटिया का आशीर्वाद लिया और प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर इनेलो के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, पार्षद मोहित राठी, नवनीत गुलिया, अनुज व बंटी रंगा आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। गांव सिद्दीपुर में हुए कार्यक्रम में उपस्थित जितेंद्र राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## दर्शकों ने देखे अनेक जादू भरे हैरतअंगेज कारनामें

# जादूगर सम्राट शंकर के मैजिक शो का रंगारंग आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को स्थानीय पीश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट शंकर के मैजिक शो का शुभारंभ किया गया। दोपहर करीब एक बजे मैजिक शो का शुभारंभ करते हुए डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि आधुनिक युग में विभिन्न मंचों पर मनोरंजन के साधन लोगों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन परिवार के साथ मैजिक शो देखना एक अलग ही आनंद की अनुभूति देता है। इस प्रकार के कार्यक्रम जहां बच्चों को मोबाइल की लत से दूर रखने में सहायक है वहीं इनके माध्यम से उन्हें देश की संस्कृति से भी रूबरू होने का मौका मिलता है। कार्यक्रम के दौरान जादूगर सम्राट शकंर ने कहा कि मैजिक शो में हाथ की सफाई और स्वस्थ मनोरंजन का बेहतरीन समागम होता है। इसके बाद उन्होंने करीब दो घंटे तक चले शो के दौरान जहां अनेक जादू भरे हैरतअंगेज कारनामें दिखाए वहीं बीच-बीच में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, जल बचाओ अभियान, तिरंगे का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।





झज्जर। लड़की को हवा में उड़ाने का जादू दिखाते हुए जादूगर शंकर व मैजिक शो के शुभारंभ उपरांत दर्शकों के बीच मौजूद डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन।

# नीट को लेकर दिल्ली हाइकोर्ट के फैसले का इंतजार

- वकील जितेंद्र की याचिका पर 19 जून को सुनवाई के बाद फैसला रखा गया है रिजर्व

**बहादुरगढ़।** झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में तीन सेंटरों पर पहली बार नीट की परीक्षा का आयोजन हुआ था और पहली बार में ही विवादों से बड़ा नाता भी जुड़ गया। हरदयाल स्कूल में परीक्षा देने वाले छात्रों को ग्रेस मार्क्स मिलते ही परीक्षा परिणाम ही प्रभावित हो गया, जिसके बाद पूरे देश से छात्रों का विरोध और गुस्सा फूट पड़ा।

दरअसल, पूरा मामला एनटीए द्वारा पेपर के दो सेट भेजने के कारण हुआ है। लापरवाही के चलते हरदयाल और विजय स्कूल में एसबीआई और केनरा बैंक से आए दोनों पेपर बांट दिए गए। लेकिन करीब 25 मिनट बाद एक पेपर वापिस लेकर दूसरा पेपर करने को कह दिया। जिसके कारण बच्चों का टाइम वेस्ट हो गया। हरदयाल स्कूल और विजय स्कूल में परीक्षा देने वाले छात्रों ने इसकी शिकायत एनटीए में की। लेकिन ग्रेस मार्क्स केवल हरदयाल स्कूल के परीक्षार्थियों को ही दिए गए। जिसके बाद विजय स्कूल में परीक्षा देने वाले छात्र ने दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका लगा दी। याचिकाकर्ता इन अपने वकील के मार्फत ग्रेस मार्क्स देने या फिर दोबारा परीक्षा करवाने की मांग की है। याचिकाकर्ता के वकील जितेंद्र ने बताया कि दिल्ली हाइकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। एक दो दिन में निर्णय आ सकता है। उम्मीद है कि विजय स्कूल के परीक्षार्थी छात्रों को भी दोबारा परीक्षा का मौका मिलेगा। एडवोकेट जितेंद्र ने बताया कि उसके बेटे पुष्पम ने भी विजय स्कूल में परीक्षा दी थी। उनका 25 मिनट टाइम वेस्ट हुआ था और मानसिक परेशानी अलग।

इसके लिए परिणाम जारी होने से पहले भी उन्होंने ग्रेस मार्क्स या फिर दोबारा एग्जाम के लिए याचिका लगाई थी। जिस पर एनटीए ने 10 दिन में समाधान की बात कोर्ट को कही थी। लेकिन एनटीए ने केवल हरदयाल स्कूल के छात्रों को ग्रेस मार्क्स देकर परिणाम जारी कर दिया। जिसके बाद उन्हें दोबारा कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। उन्होंने झज्जर के नीट कॉर्डिनेटर पर भी सवाल उठाए। एडवोकेट जितेंद्र ने सरकार ने नेट परीक्षा की तरह नीट परीक्षा भी रद्द कर दोबारा करवाने की मांग की है। हालांकि अब उनकी सारी उम्मीदें दिल्ली हाइकोर्ट के फैसले पर टिकी हुई है।

**खबर संक्षेप**



बेरी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रविंद्र मलिक। फोटो :हरिभूमि

## एसडीएम ने शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**बेरी।** वीरवार को समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र मलिक ने लोगों की परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पुलिस विभाग सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान कर दिया और जिनका समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में 11 लोगों ने अपनी शिकायतें रखी।

### सिद्ध बाबा प्रसादगिरी मंदिर के महंत परमानंद गिरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम

# पतंजलि योग समिति पार्कों में मनाएगी योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को पतंजलि योग समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति के सोशल मीडिया प्रभारी गौरव सिंघल ने बताया कि सिद्ध बाबा प्रसादगिरी मंदिर के महंत परमानंद गिरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंदिर प्रांगण में, जिला सह प्रभारी ब्रह्मचारी इंद्रजीत, योगार्थी रामनिवासी, योग शिक्षक हर्ष व कृष्ण दत्त जांगड़ा द्वारा नैष्ठिक ब्रह्मचारी सुभाष आर्य पार्क तथा योग शिक्षक सुरजीत, योग शिक्षिका अंजलि और सुनीता द्वारा राव मंगलीराम पार्क में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जाएगा। योगार्थी रामनिवास द्वारा वीरवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान योग प्रोटोकॉल प्रार्थना, शिथलीकरण के अभ्यास में ग्रीवाचालन, स्कंध खिंचाव, स्कंध संचालन, कमर व घुटनों के अभ्यास कटी शक्ति संचालन, घुटना संचालन का अभ्यास करवाया गया। इसके बाद खड़े होकर करने वाले पांच अभ्यास, बैठकर करने वाले आठ अभ्यास, मोटापा व कमर दर्द के पेट के बल लेटकर करने वाले तीन अभ्यास, पीठ के बल लेटकर करने वाले चार अभ्यास के अलावा कपालभाती, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी व ध्यान प्राणयाम भी सिखाया।



झज्जर। प्रसादगिरी मंदिर प्रांगण में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करते हुए बच्चे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां हुई पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर वीरवार को जिला मुख्यालय के साथ-साथ खंड स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण भी होगा। इसके साथ ही योग दिवस के दृष्टिगत निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी प्रतिभागी योग करेंगे। जिला मुख्यालय पर रोडवेज वर्कशॉप में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि जिलावासियों के साथ योगाभ्यास करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा पिछले कई दिनों से सरकार के निर्देशानुसार योग प्रोटोकॉल आधारित कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।



■ नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी होंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



बहादुरगढ़। योगाभ्यास करते सतीश छिकारा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## छिकारा ने योग के लिए किया प्रेरित

बहादुरगढ़। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिकारा ने आमजन को प्रतिदिन योग करने के लिए जागरूक किया। छिकारा ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। योग जीवन में अनुशासन का अनुष्ठान भी है। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश लाठर ने कहा कि योग से मन, बुद्धि और मनुष्य के आध्यात्मिक विकास का लाभ होता है। इस अवसर पर मास्टर पुरुषोतम छिकारा, महताब सिंह, जगदीप डबास, चांद हुड्डा, अशोक, सुरेंद्र, रमेश बराही, राम सिंह, सज्जन सिंह, कपिल व विजय दिनोदिया आदि मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में वीरवार को हुई 140 शिकायतों पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

समाधान शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन आमजन द्वारा की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित शिविर में डीएमसी परवेश कादियान द्वारा वीरवार को आई 140 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उनके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए गए। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि प्रतिदिन इन शिविरों में जिला प्रशासन, पुलिस, राजस्व, नगर निगम अथवा नगर परिषद, समाज कल्याण आदि जन कल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहते हैं।



झज्जर। समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीएमसी परवेश कादियान। फोटो :हरिभूमि

## नई अनाज मंडी में मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि शुक्रवार को दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नई अनाज मंडी में धूमधाम से मनाया जाएगा। योग दिवस को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि सुबह छह बजे से योग कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके अलावा योग प्रोटोकॉल के अनुरूप यौगिक क्रियाओं का अभ्यास योग सहायकों द्वारा करवाया जाएगा। वहीं सांय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी के मेन हाल में योग विषय पर आधारित संगोष्ठी में वक्ता योग विधाओं पर वक्तव्य देंगे।

# पूर्व सैनिक ने दिव्यांग बच्चों के साथ बांटी जन्मदिन की खुशियां

■ दिव्यांगों को दी जा रही सुविधाओं, प्रशिक्षण व शिक्षकों के समर्पण भाव की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय सेना में देश सेवा करने के बाद मेडिकल ग्राउंड पर रिटायर्ड हुए क्षेत्र के गांव तलाव निवासी पूर्व सैनिक चंद्रभान धनखड़ ने अपना 81वां जन्मदिन वीरवार को दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। वीरवार की सुबह वे अपने परिवार के साथ रेवाड़ी रोड स्थित नवोदया स्कूल ऑफ स्पेशल एजुकेशन के प्रांगण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न केवल दिव्यांग विद्यार्थियों को उनका पसंदीदा भोजन कराया बल्कि बच्चों के साथ खेल गतिविधियों भी भाग लिया। अपने संबोधन में कहा कि कोई व्यक्ति शरीर से अपंग हो सकता है आत्मा से नहीं। समाज के अन्य लोगों को भी चाहिए कि वे अपने विशेष दिनों को यादगार बनाने के लिए समाज की मुख्यधारा से वंचित इन बच्चों के साथ समय व्यतीत करें उन्हें अपनेपन का एहसास कराएं। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुए दिव्यांगों को दी जा सुविधाओं, प्रशिक्षण व शिक्षकों के समर्पण भाव की भी सराहना की। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर सोमबीर रूहेल ने बताया कि पूर्व सैनिक चंद्रभान धनखड़ सेना में तोपची के तौर पर कार्यरत थे तथा अन्य जवान भी उनके निशाने के कायल थे। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल अनामिका चौधरी, राजेश देवी, तन्नू, विनीत, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर सचिन व स्पीच थैरेपिस्ट डॉक्टर जयदीप ने भी पूर्व सैनिक के इस जज्बे को नमन किया।



झज्जर। जन्मदिवस की खुशी में दिव्यांगों को भोजन परोसते हुए पूर्व सैनिक चंद्रभान धनखड़। फोटो :हरिभूमि

# नेहरू कॉलेज में शुरू होंगे दो नए कोर्स

■ एमए भूगोल और बीएससी गणित को मिली मंजूरी

■ स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से दो नए कोर्स शुरू करने के लिए सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। इनमें एमए (भूगोल) और बीएससी (गणित) शामिल हैं। नेहरू कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में एमए (भूगोल) की 40 सीटें और बीएससी (गणित) की भी 40 सीटें दी गई हैं। उन्होंने बताया कि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया जारी है और 25 जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। एमए, एमएससी, एमकॉम आदि स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले का शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। अब तक 1188 आवेदनः नेहरू कॉलेज में विभिन्न स्नातक कक्षाओं की 1160 सीटों पर दाखिले के लिए अब तक 1188 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बीए की 480 सीटों के लिए 645, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 133, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 72, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 91, बीबीए की 80 सीटों के लिए 65 और बीसीए की 80 सीटों के लिए 182 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 09 जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल लिस्ट 10 जुलाई को आएगी। लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 10 जुलाई से 12 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।



डा. अमित भारद्वाज, मीडिया प्रभारी

### 7ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से

पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 15 जुलाई से शुरू होगी जबकि नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 16 जुलाई से खुलेगा और 22 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 24 जुलाई से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा। कक्षाएं दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले होने के बाद शुरू होंगी।

### पहली मेरिट लिस्ट तीन जुलाई को

दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 28 जून तक होगी। विद्यार्थी यदि अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो 26 जून तक कर सकते हैं, जिसके लिए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 02 जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल मेरिट लिस्ट 03 जुलाई को आयेगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 04 जुलाई से 08 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।



बहादुरगढ़। भाजपा में शामिल हुए आसौदा के ग्रामवासियों के साथ नवीन बंटी।

## भाजपा में शामिल हुए आसौदा के ग्रामीण

**बहादुरगढ़।** भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी के नेतृत्व में आसौदा गांव में अनेक ग्रामीण भाजपा में शामिल हुए। उन्होंने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। उनके अनुसार भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। भाजपा सरकार सबका साथ- सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए सत्ता को सेवा मानकर आमजन की भलाई कर रही है। तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाकर जनता ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। हरियाणा की भाजपा सरकार भी पिछले साढ़े 9 साल से प्रदेश की जनता का कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से भला करने का काम धरातल पर कर रही है।

# राहगीरों में वितरित किया शरबत

■ बाजार से गुजरने वाले लोगों ने ठंडाई व शरबत पीकर राहत महसूस की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार स्थित डायमंड चौक पर दुर्गा मंदिर सेवा समिति सदस्यों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को ठंडाई व शरबत पिलाया गया। बाजार से गुजरने वाले लोगों ने ठंडाई व शरबत पीकर राहत महसूस की। समिति प्रधान इंद्र जुनेजा ने बताया कि गर्मी के दिनों में लोगों का प्यास के कारण बुरा हाल रहता है। लोगों की सेवा भावना के लिए उनकी समिति द्वारा छबील लगाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विक्की, शैंटी, प्रिंस, सोनू, शुभम, जुगल जुनेजा, हिमांशु, नीरज, दीपू, बिल्लू आदि ने सेवाएं दीं। इसके अलावा शहर के पुराना तहसील मार्ग पर भी श्रद्धालुओं द्वारा मीठे पानी की छबील लगाकर जहां राहगीरों की प्यास बुझाई वहीं उनमें कढ़ी-चावल का प्रसाद भी वितरित किया।



झज्जर। डायमंड चौक पर दुर्गा मंदिर सेवा समिति सदस्यों द्वारा लगाई गई छबील।



झज्जर। सासरौली चौक पर राहगीरों में तरबूज वितरण करते हुए समिति के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## तरबूज वितरित करके राहगीरों को दिलाई गर्मी से राहत

**झज्जर।** आम जन विकास सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के गांव सासरोली में राहगीरों में तरबूज वितरित कर उन्हें गर्मी से राहत पहुंचाई गई समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शर्मा व उपप्रधान अनिल गहलावत ने बताया कि संस्था द्वारा पिछले पांच वर्षो से अनेक सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। इस वर्ष तेज गर्मी को देखते हुए जहां छबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया गया वहीं देशी खाद से निर्मित तरबूज भी बांटे गए। उनकी समिति नर सेवा, नारायण सेवा संस्था के साथ सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभा रही है। इस मौके पर प्रवीण जांगड़ा, अशोक कुमार, परमवीर जांगडा, शिवनारायण पूनिया व देव भारद्वाज सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# शिविर में एक सौ युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को रायपुर गांव स्थित आरएस फिटनेस जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम्स संस्थान बाढ़सा की चिकित्सकीय टीम ने सेवाएं दी। इस दौरान कुल एक सौ यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। आयोजक समिति के विजय सिंह गहलावत ने कहा कि रक्तदान करने से खून में आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित रहती है और इमरजेंसी की स्थिति में रक्त की आपूर्ति की जा सकती है। उन्होंने बताया कि जिम का एकमात्र लक्ष्य लोगों को सेहत के प्रति जागरुक करना और उन्हें स्वस्थ बनाना है। उनका यह पहला आयोजन है जिसमें युवाओं ने उत्साह दिखाया। इसके अलावा लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए रेवाड़ी मार्ग पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।



झज्जर। शिविर में रक्तदान करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

**राजनीति** | जनता का धन्यवाद करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सत्तापक्ष पर किए प्रहार

# भाजपा सरकार जनता के साथ विधानसभा में भी खो चुकी विश्वास

■ बोले डबल इंजन से हट रहे एक-एक करके सभी डिब्बे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गत विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला था, लेकिन वे सत्ता कब्जाने में कामयाब रहे। लेकिन अब सरकार पूरी तरह अल्पमत में हैं। यह दावा है सांसद दीपेंद्र हुड्डा का। उन्होंने बहादुरगढ़ में कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने के बाद कहा कि भाजपा ने 48 विधायकों के समर्थन का पत्र गर्वनर को सौंपा था। इनमें से तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से समर्थन वापिस लेकर कांग्रेस को दे दिया है। जबकि एक विधायक राकेश दौलताबाद का निधन हो गया। मनोहर लाल खट्टर और रणजीत चौटाला के इस्तीफे हो गए। सरकार अब अल्पमत में है। अब किरण चौधरी के भाजपा में शामिल होते ही उनकी सदस्यता रद होनी चाहिए। हम सरकार बनाने की जल्दी में नहीं हैं। राज्यपाल विधानसभा भंग करके चुनाव की घोषणा करे। वीरवार को छोटूराम धर्मशाला में आयोजित धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि लोकसभा में जनता ने भाजपा को कर दिया हाफ, अब विधानसभा में करेंगे साफ। भाजपा सरकार जनता के साथ विधानसभा में भी खो चुकी विश्वास यह नकारात्मक राजनीति पर सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है। लोगों ने देश का संविधान तो बचा लिया, अब हरियाणा को बचाने की बारी है। हरियाणावासियों ने दिल खोलकर कांग्रेस का साथ और समर्थन दिया। रोहतक में 36 बिरादरी के आशीर्वाद के आगे सारे षडयंत्र फेल हो गए। रोहतक की सभी 9 विधानसभाओं में बढ़त मिली। अब डबल इंजन तो है, लेकिन इसके डिब्बे एक-एक करके हटते चले गए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. एसके मलिक ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेंद्र जून, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, राजेश जून, पूर्व चेयरमैन रवि खत्री, तेजबीर दलाल, राजेंद्र कादियान, संदीप दहिया, राजपाल आर्य, अरुण खत्री, नरेश जून, श्रीनिवास गुप्ता, राज पहलवान, गीता डेरोलिया, इंद्र राठी, पार्षद विशाल गर्ग, विनोद जांगड़ा, रजनीश मोनू, संजीव मलिक, मिंटू पहलवान, कुलदीप राठी, सचिन दलाल, सिकंदर, आजाद राठी, पूर्व पार्षद गुरदेव राठी, युवराज छिल्लर, समुंदर सहवाग, जितेंद्र राठी, दिनेश नागर, राजेश खत्री, रवींद्र जाखड़, गजानंद गर्ग आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। धन्यवादी कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद दीपेंद्र हुड्डा।



झज्जर। धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

## लोकसभा चुनाव से प्रदेश में तय हुआ बदलाव का रास्ता

**झज्जर।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र के बेरी हलके में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीजेपी को चुनौती दी है कि लोकसभा में भाजपा को कर दिया हाफ, अब विधानसभा में करेंगे साफ। कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ये जीत रोहतक लोकसभा के लोगों की मेहनत और आशीर्वाद की जीत है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक राजनीति पर सकारात्मक राजनीति की जीत हुई है। लोगों ने देश का संविधान तो बचा लिया अब हरियाणा को बचाने की बारी है। लोकसभा चुनाव से प्रदेश में तय हुआ बदलाव का रास्ता बाद में सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल दलबीर सिंह सुहाग के पिता रिटायर्ड सूबेदार रामफल सुहाग के निधन पर उनके पैतृक गांव बिसाहन स्थित निवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान व रवि कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बहादुरगढ़ में इनेलो की बैठक आज

**बहादुरगढ़।** शहर के दिल्ली-रोहतक रोड स्थित ली फार्म में शुक्रवार 21 जून को दोपहर 12 बजे इनेलो की जिला झज्जर के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। बैठक को इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला व इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामफल माजरा संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए कार्यकारी जिला अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया जाएगा और आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

### भाविप ने नूना माजरा में की गऊ सेवा

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद ने गांव नूना माजरा स्थित श्याम जी गऊ सेवा समिति के उपचार केंद्र में गऊ सेवा की। भाविप सदस्यों ने गायों को हरा चारा खिलाते हुए आमजन से गऊ सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। जिला समन्वयक सतीश शर्मा, सह समन्वयक प्रवीण शर्मा, शाखा अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष जयभगवान सरंपच, सचिव मुकेश बंसल, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता व एमएस भाटी आदि ने अपने हाथों से गायों को चारा खिलाकर गऊ माता का आशीर्वाद लिया।

### कौशिक व सैनी ने किया नाले का निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** टीकरी गोंडे का पानी निकालने के लिए नगर परिषद द्वारा बनाए जा रहे नाले का निरीक्षण करने के लिए पूर्व विधायक नरेश कौशिक व ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी मौके पर पहुंचे। हशविप्रा के जेई कामेश कुमार ने मौजूदा स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि प्लॉटों के कारण नप द्वारा बनाए गए नाले की दिशा में बदलाव किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कॉलोनी के लोगों को आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री से जल्द मिलकर इसका स्थाई समाधान करवाया जाएगा।

### योग से बढ़ती है प्रतिरोधक क्षमता

**बहादुरगढ़।** योगाचार्य डॉ अंजू अग्रवाल ने आमजन से अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करने की अपील की। उनके अनुसार योग नई ऊर्जा के साथ अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। योगाभ्यास करने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

# झाड़ू प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मियों ने उठाई लंबित मांगों के लिए आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर




झज्जर। झाड़ू प्रदर्शन के साथ सरकार विरोधी नारे लगाते हुए लघु सचिवालय पहुंचते नगरपालिका संघ के कर्मचारी,लघु सचिवालय में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए नगरपालिका संघ के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

- प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर वीरवार को जिले के सफाई कर्मचारियों ने मिलकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शहर में झाड़ू प्रदर्शन करते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामवीर ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश सरकार से मांग की है जाती है कि वे नगर पालिका कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करें अन्यथा वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य संगठनकर्ता राजपाल ने बताया कि 23 जून को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा का डेपुटेशन बीजेपी सरकार के निकाय मंत्री के आवास पर कुरूक्षेत्र पहुंचकर उनसे मीटिंग करेगा। यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो एक बडे. आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ में ठेके पर लगे कर्मचारियों का वेतन अभी तक नहीं मिला जिसे शीघ्र दिया जाना चाहिए। उनकी प्रमुख मांगों में हरियाणा में पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों में कार्यरत अनुबंध, हरियाणा कौशल रोजगार निगम वर्क, आउटसोर्स एवं अन्य सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारी, सीवर मैन एवं तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नीति बनाकर उन्हें पक्का किया जाए। क्षेत्रफल की आबादी के अनुपात में सफाई कर्मचारी, सीवर मैन आदि तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पद सृजित कर उनकी नियमित भर्ती की जाएग। बीती 8 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार 4298 सफाई कर्मचारी व 68 सीवरमैनों के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती के माध्यम से अनुबंध आधार पर लगे सफाई कर्मचारियों व सीवर मैनों का नियमितीकरण किया जाए। इस नियमितीकरण प्रक्रिया में डिमिनिशिंग कार्ड बहार की गई सफाई कर्मचारियों की पोस्ट को भी शामिल किया जाए। पैरोल पर लगे सभी सफाई कर्मचारियों को 4000 जोखिम भत्ता दिया जाए, आउटसोर्सिंग ठेके पर लगे सभी कर्मचारियों को रोल पर किया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया जाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान मोहन, प्रदीप बेरी, कैशियर गौरव, इकाई सचिव विकास, बबली, मनीषा, कमला, सचिव, कुलदीप अमित, लीलाराम, राजेश, उषा, पिंकी, सुनीता, अजय, सोनू, संदीप, सुशीला, विमला, प्रमिला, शकुंतला, मोनिका, संजय, सुनील, मनोज, राकेश, सुभाष, अमित सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### पंचायत मंत्री के आवास पर पहुंचकर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण सफाई कर्मचारी

झज्जर : लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए ग्रामीण सफाई कर्मचारी आगामी 23 जून को पानीपत में होने वाले राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन के दौरान पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा के आवास पर पहुंचेंगे। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार, प्रधान देवीराम तथा कोषाध्यक्ष संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बीते वर्ष नवंबर माह में हुई वार्ता के दौरान ग्रामीण सफाई कर्मियों को पक्का करने का प्रस्ताव भेजने, शहरी सफाई कर्मियों के बराबर वेतन देने, 3 प्रतिशत सालाना मानदेय वृद्धि करने तथा 60 साल के बाद 2 लाख रुपये सेवानिवृत्ति लाभ देने की मांग पर सहमति बनी थी। लेकिन छह माह से अधिक का समय बीतने के बावजूद अभी तक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया जिसे लेकर कर्मचारियों में रोष है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कर्मचारियों को विधानसभा चुनावों से पहले पक्का नहीं किया गया तो वे वोट की चोट से सरकार को सबक सिखाने का काम करेंगे।

# ब्रेक डाउन से शहर के अधिकांश क्षेत्रों में बाधित रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



- इलेक्ट्रोनिक्स संबंधी दुकानों पर कामकाज प्रभावित रहा

बिजली सप्लाई के दौरान किए जा रहे अघोषित कटों के कारण लोगों को परेशानी आ रही है। बुधवार की रात करीब पौने दस बजे ब्रेक डाउन होने के कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान हालात ये रहे कि जब करीब आधे घंटे तक इंतजार करने के बाद भी बिजली नहीं आई तो गर्मी से परेशान लोगों ने बिजली निगम के शिकायत पर केंद्र पर फोन किए लेकिन निगम द्वारा जारी किए गए दोनों नंबर अधिकांश समय तक व्यस्त रहे। इसके बाद जब फोन मिला तो संबंधित कर्मचारी ने ब्रेक डाउन होने की बात करते हुए करीब डेढ़ घंटे बाद बिजली सुचारू होने का अनुमान जताया। गणीमत यह रहा कि इस दौरान चली तेज हवाओं ने लोगों को थोड़ी राहत दिलाई और अधिकतर लोगों ने अपने घर की छतों का सहारा लिया। जिसके बाद करीब साढे. बारह बजे बिजली व्यवस्था सुचारू हो पाई। इसके बाद सुबह आई हल्की बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई लेकिन मेन बाजार क्षेत्र में सुबह से शुरू हुआ बिजली का आवागमन करीब तीन घंटे तक जारी रहा। दुकानदार संदीप कुमार, लवली शर्मा, नरेश कुमार आदि ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण जहां लगभग सभी दुकानदार गर्मी से बेहाल रहे वहीं इलेक्ट्रोनिक्स संबंधी दुकानों पर कामकाज भी प्रभावित रहा। दुकानदारों के अनुसार हालांकि मौसम के अनुकूल होने के कारण उन्हें गर्मी के मामले में अधिक परेशानी नहीं आई।

### तीन-चार लाइन ट्रिप होने से ब्रेक डाउन की बढ़ी समस्या

इस संबंध में जब बिजली निगम के एसडीओ सौरभ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बुधवार की देर शाम अचानक तीन-चार लाइने ट्रिप होने के कारण ब्रेक डाउन की समस्या आई थी। कर्मचारियों द्वारा प्राथमिकता के तौर पर कार्य करते हुए ब्रेक डाउन की समस्या का समाधान किया। एक से डेढ़ घंटे तक बिजली बाधित रहने के कारण लोगों की शिकायतें भी अधिक आई इसलिए दोनों नंबर लगभग व्यस्त रहे। रात आई तेज आंधी के दौरान किसी प्रकार के पोल गिरने या कोई अन्य फाल्ट की सूचना नहीं मिला। ब्रेक डाउन ठीक होने के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुचारू रही।

# अलसुबह हुई हल्की बारिश ने गर्मी से दिलाई आंशिक राहत



झज्जर। हल्की बारिश के बाद गीली हुई सड़क। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार सुबह हुई हल्की बरसात के कारण पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को आंशिक राहत मिली। बारिश के कारण दिनभर मौसम सुहाना रहा और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ शुक्रवार को भी मौसम परिवर्तनशील रहने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने कार अनुमान लगा रहे है। उधर, हल्की बारिश होने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि पिछले महीनेभर से भीषण गर्मी के कारण जीना मुहाल हो रखा था। वीरवार को हालांकि हल्की बारिश दस से पंद्रह मिनट तक ही हुई है, लेकिन फिर भी दिनभर मौसम सुहाना रहा। जिसके कारण गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है।

### नाला अवरुद्ध होने से देव नगर कालोनी वासियों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- नाले की साफ-सफाई न होने के कारण गंदगी से अटा पड़ा

शहर के बहादुरगढ़ रोड स्थित देव नगर कालोनी के निवासियों को गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले के अवरुद्ध होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व सूबेदार हंसराज, कमलेश, रोहित, राम, कविता, नरेश, दिनेश, पवन कुमार, कोमल रानी आदि ने बताया कि उनकी कालोनी में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की साफ-सफाई न होने के कारण वह गंदगी से अटा पड़ा है। इसी कारण गंदा पानी कालोनी की गलियों में आए दिन सड़क पर फैल जाता है जिससे उन्हें आने-जाने में परेशानी होती है। इस संबंध में वे नगर परिषद के चेयरमैन को भी मौखिक तथा लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। कालोनीवासियों का कहना है कि यदि समय रहते नाले की सफाई नहीं हुई तो बरसाती दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाएगी।

# भापड़ोदा में स्थित पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने की लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- पिस्तौल के बल पर तीन बदमाशों ने की वारदात

इलाके में आपराधिक वारदात नहीं थम रही। अब भापड़ोदा में स्थित पेट्रोल पंप पर लूटपाट की वारदात हो गई। गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के बहाने शातिर पंप पर रुके फिर मौका पाकर पिस्तौल के बल पर वारदात कर डाली। एक सेल्समैन को पिस्तौल का बट मारकर घायल कर दिया और रुपये छीन कर भाग गए। तीन बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। मांडोठी चौकी पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात भापड़ोदा स्थित मुस्कान फिलिंग स्टेशन पर हुई है। दरअसल, बुधवार की रात को छारा का देवेंद्र सहित अन्य सेल्समैन ड्यूटी पर थे। करीब सवा 11 बजे ये अंदर आफिस में बैठे थे। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार वहां आकर रुकी। उन्हें देखकर देवेंद्र बाहर निकला। गाड़ी में से एक युवक बाहर निकला और देवेंद्र से 1450 रुपये का पेट्रोल रुपये डालने को कहा। युवक ने 1450 रुपये देवेंद्र की जेब में डाल दिए। इसी बीच गाड़ी से दूसरा युवक भी बाहर आ गया। कुछ ही मिनट बाद एक शातिर ने देवेंद्र की गर्दन दबोच ली और दूसरे ने उसके सिर में पिस्तौल के बट से प्रहार करने शुरू कर दिए। शोर सुनकर अन्य सेल्समैन बाहर की तरफ आने लगे तो गाड़ी से तीसरा बदमाश बाहर निकला। दो बदमाशों ने हमारी तरफ पिस्तौल तान दी और फिर जेब से सात-आठ हजार रुपये निकालकर सांपला की तरफ भाग गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बदमाशों की गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं थी। रातभर पुलिस उन्हें तलाशती रही लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस द्वारा जल्द ही इस वारदात को सुलझाने की बात कही जा रही है। बता दें कि सप्ताहभर पहले भी मातन गांव में स्थित एक पेट्रोल पंप पर लूटपाट की वारदात हुई थी।

### अलग-अलग स्थानों से तीन वाहन चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में वाहनों की चोरी बढ़ रही है। अब तीन और वाहन मालिकों ने पुलिस को शिकायतें दी हैं। शिकायतों के आधार पर संबंधित थानों की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नयागांव के निवासी बिजेंद्र का कहना है कि उसने अपनी बाइक पुराना बस स्टैंड के अंदर खड़ी की थी। फिर दिल्ली चला गया। शाम को वापस आया तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। वहीं छोटूराम नगर के निवासी सूरज का कहना है कि वह करीब 12 बजे अपनी ई-रिक्शा लेकर नागरिक अस्पताल में गया था। वहां सी-ब्लॉक के पास रिक्शा खड़ी कर दी। कुछ समय बाद बाहर आया तो रिक्शा नहीं थी। इन शिकायतों पर सिटी थाने में केस दर्ज हुए हैं। वहीं, रणजीत कॉलोनी के निवासी राजनारायण की देवीलाल पार्क के पास से कोई अज्ञात शख्स बाइक चुरा ले गया है। उसकी शिकायत पर सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# माइनर में डूबने से ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एनसीआर माइनर में डूबने से उत्तर प्रदेश मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसका शव कई किलोमीटर दूर बाढ़सा के पास मिला।

मृतक की पहचान करीब 32 वर्षीय भूपेंद्र के रूप में हुई है। वह यूपी के हाथरस जिले का रहने वाला था। पेशे से चालक था। मंगलवार को अपनी गाड़ी लेकर बादली के पास से गुजर रहा था। यहां एनसीआर माइनर पर उसने अपनी गाड़ी रोक ली। वह एनसीआर माइनर किनारे नहाने लगा और उसका साथी हेल्पर लघुशंका के लिए चला गया। इसी बीच भूपेंद्र पांव फिसलने से डूब गया। कुछ देर बाद हेल्पर आया तो उसे भूपेंद्र नजर नहीं आया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सर्च अभियान चलाया। गोताखोर टीम बुलाई गई। एक दिन बाद उसका शव बाढ़सा के निकट माइनर से बरामद हुआ। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव सौंप दिया। बता दें कि एनसीआर माइनर में नहाना खतरे से खाली नहीं है। इस माइनर की गहराई अधिक है और पानी का बहाव भी तेज रहता है। हर साल इसमें डूबने से कई जान चली जाती हैं। इस बार भी अभी तक कई शव बरामद हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा इस माइनर में नहाने पर रोक लगाई गई है। फिर भी लोग नहीं मान रहे, जिस कारण हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन लोगों की मौत हो गई। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए हैं। मामलों में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

पहला मामला एमआईई का है। दरअसल, बिहार मूल का निवासी विनोद यहां एमआईई पार्ट-ए में स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था। इन दिनों रात की ड्यूटी चल रही थी। बुधवार को वह मृत अवस्था में मिला। किसी की नजर पड़ी तो अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। वीरवार को परिजन यहां आए तो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। गर्मी, हृदयाघात या किसी अन्य बीमारी से मौत की आशंका है। वहीं, महावीर पार्क में भी प्रवासी मूल के 22 वर्षीय गुड्डू की बुधवार को तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने देखा तो उसको संभाला और अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

वीरवार को परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम करा दिया। वहीं रोहद में रहने वाला प्रवासी मूल का करीब 55 वर्षीय नेबूलाल भी मृत हालत में मिला। उसकी मौत की वजह भी हृदयाघात बताई जा रही है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत



झज्जर। अस्पताल परिसर में शवगृह के मौजूद परिजन।

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में रात को खेत में काम करने गए एक किसान का शव सुबह सड़क पर मिला। परिजनों को जब पता चला तो उन्होंने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान बिरोहड़ गांव निवासी करीब 34 वर्षीय सोनू पुत्र रोहताश के तौर पर हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद परिजनों के बयान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया कि उसका भाई सोनू खेती बाड़ी का कार्य करता था। बुधवार की रात भी वह काम करने के लिए खेत में गया था। सुबह भागवी रोड पर पहलवा जोहड़ के नजदीक उसके भाई का शव पड़ा होने की सूचना मिली। कपड़ों पर वाहन के टायरों के निशान से लगता है कि उसकी मौत किसी वाहन की चपेट में आने के कारण हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

पिछली तीन योजनाओं में कांग्रेस की हैवीवेट विधायक गीता भुक्कल ने बनाई क्षेत्र में पैठ

# झज्जर विधानसभा सीट जीतना सत्ता पक्ष के लिए चुनौती

- 2014 में बादली, बहादुरगढ़ में भाजपा ने मारी थी बाजी, झज्जर को फिर भी जीत नहीं पाए थे
- भाजपा पन्नों में मजबूत, जमीनी स्तर पर ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ, जिससे संगठन को मिले मजबूती
- शहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर

तपस्वी शर्मा ▶▶| झज्जर



झज्जर। अपने मत का प्रयोग करने के लिए कतारबद्ध खड़े मतदाता। फाइल फोटो।

लोकसभा चुनाव के बाद आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। सभी दल अपनी जीत के लिए रणनीति बनाने में जुट गए है। बात अगर झज्जर विधानसभा सीट की करें तो सत्ता पक्ष के लिए इस सीट को जीत पाना एक चुनौती है। पिछली तीन योजनाओं से कांग्रेस की हैवीवेट नेता गीता भुक्कल यहां से विधायक है। इस क्षेत्र में उन्होंने अपनी अच्छी पैठ बनाई है। वहीं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का यह क्षेत्र गढ़ माना जाता है। वर्ष 2014 में बहादुरगढ़ व बादली विधानसभा सीट पर भाजपा ने बाजी मारी थी, लेकिन झज्जर विधानसभा सीट फिर भी नहीं जीत पाए थे। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में झज्जर विधानसभा सीट से भारी मतों से कांग्रेस की जीत से भी कांग्रेसियों के हौंसले बुलंद है। उधर, शहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर है। वर्ष 2016 के बाद से ही शहरी मतदाता भाजपा के पक्ष में अपना मतदान कर रहे है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा अपनी पकड़ कैसे मजबूत करे, इस बात पर मंथन करना जरूरी है। क्यूंकि भाजपा पन्नों में तो मजबूत हुई है। लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ है। जिससे संगठन को मजबूती मिल सके। जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना भी पड़ा।

बात अगर इनेलो, जजपा की करे तो इस क्षेत्र में उन्हें अपना जनाधार बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। दोनों ही पार्टियां अपने अस्तित्व को बचाने के लिए लड़ रही हैं।

### 1967 में बनी थी झज्जर विधानसभा सीट

झज्जर विधानसभा सीट 1967 से अस्तित्व में आई। बाद में 1977 में इसे आरक्षित सीट में शामिल किया गया। झज्जर विधानसभा सीट पर भाजपा के लिए अभी तक जीत हासिल करना संभव नहीं हुआ है। हालांकि गठबंधन दलों में जीत में भाजपा शामिल जरूर रही, लेकिन अपने दम जीत हासिल नहीं की है। 1967 में पहली दफा चौधरी मनफूल सिंह निर्दलीय विधायक चुने गए। 1968 में गंगा सागर इंडियन नेशनल कांग्रेस से विधायक बने। 1972 में चौधरी मनफूल सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हो गए और विधायक चुने गए। 1977 में सीट आरक्षित वर्ग के हिस्से में आई और मांगे राम जनता पार्टी से विधायक बने। 1982 में बनारसी दास लोकदल से विधायक बने और बाद में चौधरी भजन लाल से प्रेरित होकर कांग्रेस में शामिल हो गए। 1987 में पैराशूट से उतरी मेधावी कीर्ति ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और विधायक बनकर विधानसभा में पहुंची।1991 में दरियाव सिंह जनता पार्टी से विधायक चुने गए। 1996 राम प्रकाश दहिया, चौधरी बंसी लाल की हरियाणा विकास पार्टी से विधायक बने। लेकिन सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने कारण उप-चुनाव हुआ। जिसमें राम प्रकाश दहिया की बेटी कांता देवी को टिकट मिला और विधायक चुनी गई और बंसीलाल की सरकार में मंत्री बनी। वर्ष 2000 में एक बार फिर दरियाव सिंह राजौरा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और चौधरी देवीलाल के समर्थन से विधायक चुने गए। वर्ष 2005 में हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी से हरिराम वाल्मीकि चुनाव जीते। फिर 2009,2014 और 2019 के चुनाव में गीता भुक्कल झज्जर से विधायक चुनी गई।